**Snbp International School & Senior Secondary School Chikhali, Pune**
**Affiliation No. 1130703**
**ACADEMIC SESSION 2024-25**
**REVISION WORKSHEET - PT- 4**

**Name:** _______________ **Date :** __________
**Class : 3rd** **Division:** ___________ **Subject: Hindi**
**Prepared by: Renu Sharma**

**मधुश्री पाठ – १०,११,१२व्याकरण – सर्वनाम , विशेषण , क्रिया,विलोम शब्द ,पर्यायवाची , अनेक शब्दों के लिए अक शब्द , मुहावरे , गिनती १-५० , ,अपठित गद्यांश ,पठित गद्यांश , पद्यांश , चित्र वर्णन , पत्र लेखन - अनौपचारिक ,कहानी लेखन**

---

## खंड-अ

प्रश्न-१) दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

रवि एक अच्छा लड़का था। वह रोज़ सुबह जल्दी उठता और पढ़ाई करता। उसे किताबें पढ़ना बहुत पसंद था। स्कूल से आने के बाद वह अपना होमवर्क करता और फिर शाम को बगीचे में खेलने जाता। रवि के घर के पास एक सुंदर पार्क था, जहाँ वह अपने दोस्तों के साथ खेलता था। रवि को जानवरों से भी बहुत लगाव था। वह रोज़ अपने पालतू कुत्ते टॉमी को खाना खिलाता और उसके साथ खेलता। उसकी माँ कहती थीं कि जो बच्चे जानवरों से प्यार करते हैं, वे बहुत दयालु होते हैं।

१) रवि को क्या करना पसंद था ?

क) देर तक सोना ख) टीवी देखना ग) किताबें पढ़ना घ) घूमना

२) रवि स्कूल से आने के बाद क्या करता था ?

क) सो जाता था ख) बाजार जाता था ग) अपना होमवर्क करता था घ) गाना गाता था

३) रवि अपने दोस्तों के साथ कहाँ खेलता था ?

क) घर में ख) स्कूल में ग) पार्क में घ) बाजार में

४) रवि का पालतू जानवर कौन था ?

क) बिल्ली ख ) तोता ग) कुत्ता घ) खरगोश

५) रवि की माँ क्या कहती थीं ?

क) सुबह देर से उठना चाहिए ख) जानवरों से प्यार करने वाले बच्चे दयालु होते हैं
ग ) बगीचे में खेलना अच्छा नहीं है घ) पढ़ाई करना जरूरी नहीं है

**प्रश्न-२) दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

रानी एक छोटी लड़की थी। उसे फूलों से बहुत प्यार था। हर सुबह वह बगीचे में जाती और फूलों को पानी देती। उसके बगीचे में गुलाब, चमेली, सूरजमुखी और कई रंग-बिरंगे फूल खिले थे। रानी को तितलियों को उड़ते देखना बहुत

अच्छा लगता था। एक दिन उस ने देखा कि एक छोटा पौधा मुरझा रहा है। उसने जल्दी से उसे पानी दिया और कुछ ही दिनों में वह फिर से हरा-भरा हो गया। रानी बहुत खुश हुई और उसने सोचा कि हमें हमेशा पौधों का ध्यान रखना चाहिए।

१. रानी को सबसे ज्यादा क्या पसंद था ?

क) दौड़ना ख) फूलों से प्यार करना ग) टीवी देखना घ) मिठाई खाना

२. रानी हर सुबह कहाँ जाती थी?

क) स्कूल ख) अस्पताल ग) बगीचे में घ) बाजार

३. रानी के बगीचे में कौन-कौन से फूल थे ?

क) गुलाब, चमेली और सूरजमुखी ख) केवल गुलाब ग) सिर्फ पीले फूल घ) कोई फूल नहीं था

४. रानी ने मुरझाए हुए पौधे को क्या दिया ?

क) दूध ख) पानी ग) खाद्य पदार्थ घ) धूप

५. इस कहानी से हमें क्या सीख मिलती है ?

क) हमें पौधों की देखभाल करनी चाहिए। ख) हमें केवल गुलाब के फूल लगाने चाहिए।

ग) तितलियों को पकड़ना चाहिए। घ) पौधों को कोई जरूरत नहीं होती

प्रश्न-३) दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए-

१) मेरा घर बड़ा है' वाक्य में विशेषण शब्द क्या होगा **?**

क) है ख) मेरा ग) बड़ा घ) घर

२) 'अंदर' शब्द का विलोम शब्द क्या होगा ?

क) नीचे ख) बाहर ग) आगे घ) ऊपर

३) 'हम खेल रहें हैं ' वाक्य में सही सर्वनाम शब्द क्या आएगा **?**

क) रहें हैं ख) खेल ग) हम घ) इनमें से कोई नही

४) ' जो मरीज का इलाज़ करता है' उसे क्या कहते है?

क) डॉक्टर ख) नर्स ग) कुली घ) माली

५) "लड़की पुस्तक पढ़ रही है " वाक्य में क्रिया शब्द क्या होगा?
क) लड़की ख) पढ़ रही है ग) पुस्तक घ) इनमें से कोई नहीं

६) 'भीगी बिल्ली बनना' मुहावरे का क्या अर्थ होगा?
क) सो जाना ख) डर जाना ग) घबरा जाना घ) हिम्मत दिखाना

७) गिनती में बत्तीस के बाद ________आता है |

क) तैंतीस ख) अड़तीस ग) सैंतीस घ) पैंतीस

८) ' पैंतालीस ' को अंकों में कैसे लिखेंगे ?

क) ४९ ख) ४१ ग) ४५ घ) ४८

९) ' पक्षी' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या होगा ?

क) खग ख) जन ग) जग घ) मन

१०) 'जो सर्कस में हँसाने का काम करता है ' उसे क्या कहते है?

क) मोची ख) किसान ग) माली घ) जोकर

११) 'दोस्त' शब्द का विलोम शब्द क्या होगा ?

क) पड़ोसी ख) रिश्तेदार ग) दुश्मन घ) मित्र

१२) नीचे दिए गए शब्दों में से कौन-सा शब्द नहीं क्रिया है **?**

क) रोना ख) दौड़ना ग) कूदना घ) सुंदर

१३) 'माता' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या नहीं है ?

क) नीर ख) माँ ग) अंबा घ) जननी

१४) ' यह पहाड़ बहुत ऊँचा है ' वाक्य में विशेषण शब्द क्या है ?

क) यह ख) ऊँचा ग) पहाड़ घ) बहुत

१५) '______ कल स्कूल जाऊँगी ' वाक्य में सही सर्वनाम शब्द क्या आएगा**?**

क) हम ख) इसकी ग) मैं घ) तुम

**प्रश्न-४) दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

होली पर पिचकारी में रंग भरकर डालना मुझे बहुत अच्छा लगता है | माँ कहती है कि 'टेसू के फूलों का रंग त्वचा को लाभ पहुँचाता है , न कि हानि' माँ ने हम सब दोस्तों की तसवीरें खींचीं | हम सब बंदर जैसे लग रहे थे | घर के बाहर हमने खूब रंग खेला |

१. होली पर क्या करना अच्छा लगता है ?
   क) पिचकारी में रंग भरकर डालना ख) गिलास में रंग भरकर डालना
   ग) बोतल में रंग भरकर डालना घ) इनमें से कोई नहीं

2. किसका रंग त्वचा को हानि नहीं पहुँचाता है ?

क) टेसू के फूलों का रंग ख) सब्जियों कसे बना रंग ग) घास-फूस बना रंग घ) इनमें से कोई नहीं

3. माँ ने किसकी तसवीर खींची ?
क) घर की ख) रंगों की ग) दोस्तों की घ) सजावट की

4. हम सब कैसे लग रहे थे ?
क) बंदर जैसे ख) सुंदर ग) दुखी घ) खुश

5. कहाँ सबने खूब रंग खेला |
क) सड़क के बीच ख) घर की छत पर ग) घर के अंदर घ) घर के बाहर

**प्रश्न-५) दिए गए पठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

नदियों की निर्मलतमधारा, कल-कल बहती है।
चलते रहना ही जीवन है, मानों कहती है।
और धार से लडती-भिड़ती, इक छोटी सी नाव|

1. नदियों की निर्मलतम धारा कैसे बहती है?
क) धीरे-धीरे ख) चल-चल ग) कल-कल घ) इनमें से कोई नहीं

2. नदियों की धारा हमें क्या कहती हैं ?
क) रुकते रहना ही जीवन है ख) चलते रहना ही जीवन है ग) सोते रहना ही जीवन है घ) इनमें से कोई नहीं

3. कौन धार से लडती-भिड़ती हैं?
क) नाव ख) पत्थर ग) ईंट घ) इनमें से कोई नहीं

4. नदियों की धारा कैसी है ?
क) निर्मलतम ख) अशुद्ध ग) रेतीली घ) मैली

5. 'छोटी' शब्द का विलोम शब्द ________होगा ।
क) मोटी ख) लंबी ग) बड़ी घ) ऊँची

खंड- ब

**प्रश्न-६) सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए।**

1. शेर कहाँ लेटा था ?
क) पेड़ के नीचे ख) पेड़ की डाली पर ग) गुफा में घ) इनमें से कोई नहीं

2. पहाड़ पर कितने गड़रिये गए थे ?

क) चार  ख) तीन  ग) पाँच  घ) सात

3. लोमड़ी ने क्या पकाई थी ?

क) पूरी  ख) चावल  ग) हलवा  घ) खीर

4. हड्डी का टुकड़ा कहाँ फँस गया था ?

क) गले में  ख) हाथ में  ग) पैर में  घ) इनमें से कोई नहीं

**प्रश्न-७) दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।**

1. लकड़ियों को इकट्ठा क्यों किया गया ?
2. पक्षियों की आवाज़ क्या करती है ?
3. बालक सपने में क्या सुनता रहा ?
4. कान सा महीना था ?
5. बालक को आते देख चिड़िया ने क्या किया ?

**प्रश्न-८) दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए।**

1. बालक के हृदय पर एस घटना का क्या प्रभाव पड़ा ?
2. बच्चों ने होली कैसे मनाई ?
3. प्रकृति गाँव का रूप कैसे सँवारती है ?
4. किसान जन क्यों हरषाते हैं ?

**प्रश्न-९) दिए गए शब्दों की सहायता से पंक्तियाँ पूरी कीजिए -**

( मन , किसान )

जिन्हें देखकर सब __________ -जन ,

__________में हरषाते |

खंड- क

**प्रश्न-१०) नीचे दिए गए प्रश्नों में से किसी एक विषय पर लिखिए-**

क) कक्षा में प्रथम आने पर अपने चाचाजी को पत्र लिखिए।

अथवा

ख) 'मेरा पसंदीदा पालतू जानवर ' या 'पेड़ ' में से किसी एक विषय पर अनुछेद ९-१० वाक्यों में लिखिए।

**प्रश्न-११)     नीचे दिए गए प्रश्नों में से किसी एक विषय पर लिखिए-**

क)     दिए गए चित्र की सहायता से ९-१० वाक्यों में चित्र-वर्णन कीजिए।



अथवा

ख)     दिए गए संकेतों के आधार पर एक कहानी लिखिए और उसका नाम भी लिखिए।

संकेत बिन्दु : बंदर और मगरमच्छ दोनों बहुत अच्छे ______ थे | बंदर हर दिन मगरमच्छ को __________ खाने को देता था | एक दिन मगरमच्छ थोड़े से जामुन अपनी __________ के लिए भी ले गया | उसकी पत्नी ने सोचा कि ऐसे मीठे जामुन खाने वाले बंदर का ____________ बहुत मीठा होगा | उसने अपने पति से कहा कि बंदर को घर लेकर आए | अगले ही दिन मगर ने बंदर को अपनी __________पर बैठाया और नदी की _______कराने लेकर गया | जब दोनों नदी के बीच पहुँच गए तब मगरमच्छ ने बताया कि मेरी पत्नी तुम्हारा कलेजा खाना चाहती है इस लिए तुम्हें बुलाया है | यह बात सुनकर बंदर ________गया | लेकिन बंदर ने ________से कहा कि मेरा कलेजा तो मैं पेड़ छोड़ आया हूँ ,हमें कलेजा लेने पेड़ के पास जाना पड़ेगा | पेड़ के पास पहुचंते ही बंदर पेड़ पर चढ़ गया | बंदर अपनी __________से बच गया और मगरमच्छ मुँह लटकाकर चला गया |